भगवत् कृपा

साकार प्रगट ब्रह्म को जो पहचाने, वो परम् को पाये

महाप्रभु स्वामिनारायण प्रणीत सनातन, सचेतन और सक्रिय गुणातीतज्ञान का अनुशीलन करने वाली द्विमासिक सत्संग पत्रिका

निजात्मानं ब्रह्मरूपं देहत्रयविलक्षणम् । विभाव्य तेन कर्तव्या भक्तिः कृष्णस्य सर्वदा ॥ शिक्षापत्री, ११६

वर्ष 36 अंक : 2	26.2.2013 मंगलवार (मार्च-अप्रैल)	शुल्क – प्रति अंक : ₹ 10.00 वार्षिक : ₹ 50.00

પારસમણિ કાકાશ્રી રૂપ મળ્યો, ભૂલ્યા એને તો જીવ્યા શું...

અહો! **૨૦૧૩ની આ ૧૩મી માર્ચે...**

બ્રહ્મસ્વરૂપ કાકાશ્રીરૂપી પારસથી પારસ બન્યા, કેટલાય ચૈતન્યોના ભોમિયા એવા –

પ.પૂ. ગુરૂજીનો ૭૬મો પ્રાકટ્ય દિવસ મુક્તોના હૈયે આનંદ પ્રગટાવવા આવી જ ગયો! જ્યારે – **૯મી માર્ચના શનિવારે** સાંજે **'યોગી પરિવાર આનંદોત્સવ'**માં **'યોગી પરિવાર'**માંથી પાંગરેલા **'ગુણાતીત સમાજ'**ના આપણે સહુ ભેગા મળી, પ્રત્યક્ષ ગુણાતીત સ્વરૂપોની નિશ્રામાં, મુક્તોના માહાત્મ્યયુક્ત અનુભવો, કથાવાર્તા અને ગુણાતીત જ્ઞાન થકી, એવી ચાવીઓ સાંપડીશું, જે દરેકને પોતાના પ્રત્યક્ષ સ્વરૂપનો રાજીપો મેળવવા ટાણે સહાયરૂપ બનશે.

પ.પૂ. ગુરૂજીની જીવનશૈલીથી ઘણું કરીને સહુ પરિચિત છીએ ને સૌએ અનુભવ્યું ય છે કે એઓ પારદર્શક-ટ્રાન્સપેરન્ટ છે. એટલે જ બ્રહ્મસ્વરૂપ યોગીજી મહારાજ, બ્રહ્મસ્વરૂપ કાકાશ્રી, બ્રહ્મસ્વરૂપ પપ્પાજી જેવા સ્વરૂપો સાથે સંપૂર્ણ વિશ્વાસથી સંબંધ દૃઢ કરવામાં એમને પોતાની કોઈ માન્યતા, મહત્ત્વાકાંક્ષા, ઇચ્છા, અપેક્ષા, ઈઝમ્ કે વ્યક્તિગત આઈડન્ટીટી ક્યારે ય નડી નહીં અને... ૧૯૭૨માં એમને **પ.પૂ. કાકાશ્રી**ના ભવ્ય આશીર્વાદ મળ્યા–

તમારા જીવનવિકાસમાં હવે 'અનુવૃત્તિ સ્વરૂપ' પ્રગટ થયું જ છે... તેવી પાકી અનુભૂતિ તમોને થાય એવી પ્રાર્થના ચાલુ છે... જેથી બાધિતાનુવૃત્તિ પણ ભવિષ્યમાં સ્વતંત્રપણે વર્તતા જેમ બીજા મુક્તોને પ્રસંગ આવતાં નડે છે તે તમોને જરાય નડે નહીં ને સ્વભાવરહિત સહજ જ વર્તાય.

આવી પારદર્શિતા એમણે કેવળ ગુણાતીત સ્વરૂપો કે ગુણાતીત સમાજના મુક્તો સાથે જ નહીં, પણ એમના જોગમાં આવનાર નાના-મોટા સહુ મુક્તો સાથે રાખી છે. ગયા વર્ષે **'અર્ચિમાર્ગ કી ઓર...'** પ્લેમાં સ્વરૂપો સાથે પ.પૂ. ગુરૂજીનું 'ગુણાતીત જ્ઞાન'ને અનુરૂપ વર્તન જોઈને ઘણાંને ખૂબ પ્રેરણા મળી. કેટલાક મુક્તોને તો એમે ય થયું કે આપણે પણ પ.પૂ. ગુરૂજી જેવો જ ઍપ્રોચ રાખવો

જોઈતો'તો. આ પ્લેના એક-એક પ્રસંગ એટલાં તો ગહન છે કે વારંવાર જોતાં દર વખતે એમાંથી કંઈ ને કંઈ નવું જ રહસ્ય મળી આવે છે. ઘણાં પ્રસંગોમાં સાધક અવસ્થાની પ.પૂ. ગુરૂજીના મનની ગૂંચો-મૂંઝવણો છતી કરી, સાથોસાથ પ્રગટ સ્વરૂપોએ આપેલા સમાધાને ય દેખાડયા છે.

'પ્રકૃતિપુરૂષ' સુધી અવાંતર દરેક લોકના-દરેક ભૂમિકાના **'પ્રાકૃત પ્રીતિ'** યુકત શિષ્યની-ભકતની એજ ચાહના હોય છે કે એના ગુરૂ જ સહુથી શ્રેષ્ઠ ગણાય અને શિષ્યનો એજ પ્રયત્ન રહે છે કે એના ગુરૂના દૈવી ગુણો જ સમાજ સામે આવે. પણ, **'બ્રહ્મસ્વરૂપીણી પ્રીતિ'** યુકત 'કાકાજીનો મુકુંદ' જે આજે ઉત્તર ભારતના મુકતોના પ્રાણાધાર છે, એમણે મુકતોના મનમાં એવો **'એકદેશીયભાવ'** નથી રહેવા દીધો. પ.પૂ. ગુરૂજીએ સમજાવેલા 'ગુણાતીત જ્ઞાન'ને એમના પોતાના વર્તનમાં જોઈ મુકત સમાજ ગર્વ અનુભવે છે કે–

ઓહોહો! બ્રહ્મસ્વરૂપ કાકાશ્રીએ અમ પર ખૂબ કૃપા કરીને પ.પૂ. ગુરૂજી જેવી નિર્દોષ, નિષ્કપટ, નિખાલસ વિભૂતિની છત્રછાયા આપી. પોતે ગુરૂ સ્થાને હોવા છતાં, એક સાધકની અદાથી જીવી અમોને સતત અંતર્દષ્ટિ કરાવે છે કે ગુણાતીત સત્પુરૂષ સાથે આપણે કેમ વર્તવું જોઈએ. આ જ એમની સાચી મોટપ-સાચી સાધુતા છે.

ગઈ ૧૯મી ડીસેંબરે પ.પૂ. ગુરૂજીના વ્હાલસોયા 'નક્ષત્ર'ની વર્ષગાંઠ હતી. આ નિમિત્તે પ.પૂ. ગુરૂજીએ સહુ વતી એને એક કાર્ડ આશીર્વાદ લખીને આપ્યું હતું. એમાં નક્ષત્રના ઘણાં ફોટા ચોંટાડયા હતાં. એક ફોટો, એ ઊડી રહ્યો હોય એવો હતો. આમે ય, એ ઘણી વાર કહ્યા કરતો હોય છે – *'મારે ઊડવું છે.'* એટલે એ ફોટા નીચે એ જ વાકય લખ્યું'તું. વર્ષગાંઠના બીજે દિવસે પ.પૂ. ગુરૂજીએ કોક કારણસર એ કાર્ડ મંગાવ્યું. સહજ જ પૂ. નક્ષત્રની ઊડવાવાળી વાત નીકળી. ત્યારે સાથે બેઠેલા પૂ. પુરી સાહેબને **પ.પૂ. ગુરૂજીએ એક ખૂબ રહસ્યમયી અનોખી વાત કરી–**

આ નક્ષુને ઊડવાનું જે મન થયા કરે છે, એ એની 'મુકત કક્ષા' દર્શાવે છે. મને પણ આવી ઇચ્છા થતી'તી.

પછી વાત કરી– *આ બધાં રહસ્યો મને કાકાજીએ સમજાવેલા. મેં એક વાર કાકાજીને પૂછયું'તું કે મને ઘણી વાર ઊડવાનું સ્વપ્નું તો આવે છે; પણ, 'મારો દાંત તૂટી ગયો છે'– એવું સ્વપ્ન ય આવે છે. એનું શું કારણ હશે? આ અંગે કાકાજીએ જણાવેલું–*

એનો અર્થ એ કે તારી વૃત્તિઓ એક-એક કરીને ખરતી જાય છે.

પછી કાકાજીએ પોતે કહ્યું–

મને ઘણી વાર એવું સ્વપ્ન આવતું કે હું પરીક્ષામાં બેઠો છું. સમય પૂરો થઈ ગયો, પણ મારૂં પેપર પૂરું લખાયું નહીં ને... સુપરવાઈઝરે પેપર લઈ લીધું. આવું સ્વપ્નું તમારી 'ઈર્ષ્યા' વ્યકત કરે છે.

પ.પૂ. ગુરૂજીએ આ અંગે જણાવેલું કે *સાચે જ, આવું સ્વપનું તો મને જ આવતુ'તું; પણ મેં એ કાકાજીને કહેલું નહીં. એટલે કાકાજીએ પોતાના મિષે એનો નિર્દેશ કર્યો!*

આ પ્રસંગને દરેક પોતાની દૃષ્ટિએ જોશે ને પોતાના અંગ પ્રમાણે કંઈ ન કંઈ અર્થ તારવશે. પણ, એક સાધકની દૃષ્ટિએ વિચારને પામીશું, તો ખ્યાલ આવશે કે પ.પૂ. ગુરૂજી જો આજે મુકતો

સામે પોતાની ત્રુટિઓ-ખામીઓને છતી કરતા સ્હેજે અચકાતા નથી, તો શું પોતાના સ્વરૂપ પાસે અચકાયા હશે? આપણે તો, આપણી વૃત્તિઓ, ઇચ્છાઓ, આકાંક્ષાઓ, અપેક્ષાઓના વમળમાં અટવાયેલા હોવા છતાં, પ્રસંગે સ્વરૂપ પાસે એના પર ઢાંકપિછોડા કરીએ છીએ અને ઉપરથી સ્વરૂપને દોષ દઈએ છીએ કે—

આપ જે વાતો કરો છો, એવી કોઈ અનુભૂતિ અમોને કેમ થતી નથી?

પણ, જરા ય વિચારતા નથી કે—

આપણે સત્પુરૂષ સાથે સંબંધની કેવી દૃઢતા રાખી છે અને એમનો કેટલો ભરોસો કર્યો છે.

એમની મરજી પ્રમાણે કેટલું વર્ત્યા છીએ?

કે

એ જે આપવા ઇચ્છે છે, એના પર-એમના કહ્યા પર કેટલું ધ્યાન આપ્યું છે?

આપણા મનની આ મથામણનો જવાબ બ્રહ્મસ્વરૂપ યોગીજી મહારાજે કહેલી નીચેની બોધકથામાંથી મળશે.

'**એક વાણિયો** તેલપળીનો ધંધો કરે. તેલપળી શું? બે રૂપિયાનું તેલ લાવે અને ગ્રાહકને વેચે ને એમાં બે-ચાર આના નફો મળે.

એક વાર એક મહાત્મા એની દુકાને જઈ ચડયા અને એને પૂછયું— *વાણિયા, શું કરે છે?*

વાણિયો બોલ્યો— *તેલનો વેપાર કરૂં છું, એમાં આખા દિવસમાં બે-ચાર આનાનો નફો થાય છે.*

દયાળુ મહાત્મા વિચારવા લાગ્યા— *બિચારા વાણિયાનું દારિદ્રય આમાં કયારે ય જશે નહીં. મારી પાસે જે પારસમણિ છે, તે જો એને આપું તો એનું દારિદ્રય જાય.*

એટલે મહાત્માએ વાણિયાને કહ્યું— *આ તેલપળીના ધંધામાં તારૂં દારિદ્રય જવાનું નથી. હું તને પારસમણિ આપું છું. જેટલું લોઢું લાવીને તું એને અડાડશે, તેટલું સોનું થઈ જશે. પછી તારે આ ધંધો ય કરવો નહીં પડે.*

પણ, દુકાને ઘરાક ઊભો'તો; એની સાથેની માથાકૂટમાં વાણિયાએ મહાત્માની વાત પર ધ્યાન ન આપતા કહ્યું—

મહારાજ, તમે કામમાં ડખલ કરો મા. મારો આ ઘરાક જતો રહેશે.

તો ય મહાત્માને દયા આવી ને કહ્યું— *ભલે, આ પારસમણિ ક્યાં મૂકું?*

વાણિયાએ કહ્યું— *આ ગોખલામાં મૂકી દો. હું નવરો થઈને, લોઢું અડાડી સોનું કરી લઈશ.*

મહાત્મા બોલ્યા— *હું છ મહીને પાછો આવીશ. ત્યાં સુધીમાં તારા ગામમાંથી અને આજુ-બાજુના બીજાં ગામેથી લોઢું લાવીને એને અડાડજે. લાખોનું સોનું થઈ જશે ને તું મોટો શેઠ બની જશે. આ વસ્તુ અમૂલ્ય છે, માટે સાચવીને પટારામાં મૂકજે.*

વાણિયાએ કહ્યું— *મહારાજ, હમણાં તો આ ગોખલામાં મૂકી દો. પછી નવરો થઈને લોઢાનું સોનું કરી લઈશ.*

મહાત્મા તો પારસમણિ આપીને વનમાં જતાં રહ્યાં. વાણિયો છ મહિના સુધી પણ નવરો થયો નહીં.

પારસમણિ ત્યાં ને ત્યાં પડી રહ્યો. એના પર ધૂળ ચડી ગઈ. વાણિયાને એ યાદ પણ ન આવ્યો. તેમ એને વાપર્યો ય નહીં. છ મહિના પછી મહાત્મા મનમાં વિચારતા-વિચારતા આવ્યા કે હવે તો એનાં સોનાનાં ઘર થઈ ગયાં હશે. પણ, દૂરથી જોયું તો તૂટેલા-ફૂટેલા નળિયાવાળા છાપરાની એ જ નાની દુકાન! મહાત્માને ફાળ પડી– *માળો! પારસમણિ ખોઈ તો નહીં નાખ્યો હોય કે પછી કોઈ લઈ તો નહીં ગયું હોય?*

પાસે જઈને મહાત્માએ વાણિયાને પૂછ્યું– *ઓલી વસ્તુ ક્યાં રાખી છે?*

વાણિયાએ કહ્યું– *મહારાજ, જ્યાં મૂકી ગયા'તા, ત્યાં જ પડી હશે.*

મહાત્માએ ગોખલામાં જોયું તો પારસમણિ પર વેંત ધૂળ ચડી ગયેલી! મહાત્માએ સાફ કરીને લઈ લીધો. એને થયું– *આ માણસ મૂરખ છે, એને આની કિંમત નથી.*

તો ય, મહાત્માએ વાણિયાને કહ્યું– *મને થોડું લોઢું આપ, હું એનું સોનું કરી દઉં.*

પણ, નસીબના ફૂટેલા વાણિયાના કાટલાં-ત્રાજવા પણ પથ્થર અને લાકડાના હતાં, તે પણ લોઢાના ન્હોતાં. મહાત્માને દુકાનમાં લોઢાનો એક ખીલો દેખાયો; તેના ઉપર પણ કાટ ચડી ગયેલો. એટલે એને ઘસીને ઊજળો કર્યો અને... મહાત્માએ જેવો એને પારસમણિથી અડાડયો કે તે સોનાનો બની ગયો.

આ જોઈ આભા થયેલા વાણિયાએ મહાત્માને વિનંતી કરી– *મહારાજ, હવે છ દહાડા માટે મૂકતા જાવને.*

મહાત્માએ કહ્યું– *છ મહીના મૂક્યો, હવે ન મુકાય.*

પછી મહાત્મા તો પારસમણિ લઈને ચાલ્યા ગયા. વાણિયાને પારસમણિ મળ્યો હતો, પણ પોતાના ક્ષુલ્લક ધંધામાં અટવાયેલા વાણિયાએ તેનો ઉપયોગ કર્યો નહીં.'

આપણે ય અંતર ઢંઢોળીશું તો જણાશે કે એ વાણિયાની જેમ આપણે પણ કંઈ આવું જ કરતાં આવ્યા છીએ. ગુરૂવર્ય યોગીજી મહારાજે ગુરૂહરિ કાકાજી જેવી અજીબોગરીબ વિભૂતિને સાક્ષાત્કાર કરાવી, સહુને ઓળખાવી ને આપણને તો જાણે પક્ષપાત કરીને-ફેવર કરીને, પોતાના કેવળ **'સંબંધ માત્રે' જ પારસથી સોનું નહીં, પણ 'પારસ' કરે** એવી સર્વોત્કૃષ્ટ બ્રાહ્મીસ્થિતિને પામેલી એ વિભૂતિનો પૂરો જોગ આપ્યો! વળી, આપણા મોટાભાગ્ય કે એમણે આપણને માન્ય ય કર્યા! ને... એમના તેજે આપણે ય એવા અંજાયા ને એમના હેતમાં એવા તણાયા કે આપણે એમને **'અક્ષરધામના શાહી સોદાગર'** કહી નવાજ્યા!!

એવા એ ય કેવા કે પોતાને મળેલું સુખ સૌને વ્હેંચવા એઓ હંમેશાં તત્પર રહ્યા. એઓ તો કહેતા– *આધ્યાત્મિક જ્ઞાનના દાતા આજે આ સોફા પર બેઠા છે...*

વળી, કહેતા– *આવા મફતિયા ફરી નહીં મળે...*

ને સમજાવતા ય કે– *મહારાજે અક્ષરધામ 'મોજમાં' આપ્યું છે.*

ને આપણને પૂછતા ય કે– *મોજનું મૂલ્ય હોય?*

વળી પોતાની લાક્ષણિક અદાએ હાથમાં પોતાનું ઘડિયાળ દેખાડી કહેતા–

આ ઘડિયાળ મારૂં છે; તે મારે કોઈને આપી દેવું હોય એમાં મારે કોઈને પૂછવાનું હોય ?
માલિકનો કોઈ માલિક હોય ?
એમની આવી વાતો આપણને ખૂબ આકર્ષતી ને ગમતી. પણ...
કયાં તો, આપણને એમની એ વાતોનો સંપૂર્ણ ભરોસો ન્હોતો પડતો
કે
એમની એ વાતોને એમનું 'શબ્દલાલિત્ય' કે 'વાણીવિલાસ' સમજતા
કે
અગમનિગમના અધૂરા જ્ઞાનની ભ્રાંતિથી આપણા મનને શંકા પડતી કે–
કશું ય કર્યા વગર-વર્ત્યા વગર એમ તે કંઈ આવી પ્રાપ્તિ થતી હશે ?
કે
'**સંતપ્રધાન** સત્સંગ' કરવાને બદલે **લોક**પ્રધાન-**વ્યવહાર**પ્રધાન-**સંસાર**પ્રધાન-**જગત**પ્રધાન-**મન**પ્રધાન-**માન્યતા**પ્રધાન-**વૃત્તિ**પ્રધાન-**આદર્શ**પ્રધાન સત્સંગ કર્યો હોવાથી,
આ બધાં આગળ પ.પૂ. કાકાજી **(સંત)** ગૌણ થયા!
અને... આપણા દોષ-ત્રુટિઓ-કસર-સ્વભાવ-પ્રકૃતિ ટાળવા, માન્યતા ને હેવા મૂકાવવા
આપણને ખૂબ પોતાના જાણી એઓ જાહેરમાં ટપારતા, તેની આપણા અહંને ચોટ પ્હોંચતી ને એ છંછેડાતું
ને
પાછા બધાંની વચ્ચે આપણને કંઈ કહેશે એ ડરે કેટલીક વાર આપણે એમનાથી આઘા ય થતાં રહ્યાં.
પરિણામે, એમનો સંબંધ જાળવી શકયા નહીં;
એમની સાથે **'અંતર ને અંતરાય રહિતનો સંબંધ'** કરી શકયા નહીં
ને
એમના પરત્વેના મનુષ્યભાવે તો નહીં, પણ માયિકભાવે કરીને
એમના પ્રત્યે ઓરોભાવ થયો ને આપણું મન એમનાથી નોખું પડતું ગયું
ને... અમુક કક્ષાએ એમના તેજને સહી નહીં શકયા.
એટલું જ નહીં,
પૂર્વના મુક્તોને પોતાનો સંબંધ આપી એમને ભગવાનમાં જોડવા,
પરાભક્તિ રૂપે પ.પૂ. કાકાશ્રીને અલૌકિક ઐશ્વર્ય વાપરતા જોઈ,
એઓ તો 'આધ્યાત્મિક ભૂમિકા'માં સ્થિત નથી,
પણ 'રિદ્ધિ-સિદ્ધિ ને ઐશ્વર્ય-પ્રતાપની અલૌકિક ભૂમિકામાં' રાચે છે
એમ આપણા મને એમને 'અન્ડર ઍસ્ટીમેટ' પણ કર્યા
ને...
આપણે એમની વાતોનો-એમના બોલનો તોલ કર્યો નહીં.
છતાં ય, ૧૯૮૪માં તો આપણી પાત્રતા ય જોયા વગર એમણે કહ્યું,
'અમારે તમારા પર લીલો અનુગ્રહ કરવો છે.'

પ.પૂ. પપ્પાજી ય એવા જ સમર્થ હતાં, તો એમણે એને **'નો-મૅરીટ કૃપા'** જણાવી.

૧૯૯૬માં 'ભકિત ઉત્સવ'ની સભામાં **પૂ. વિજ્ઞાનસ્વામિજી**એ પ.પૂ. પપ્પાજી પાસે આશીષયાચના કરતા જ્યારે કહ્યું કે–

આપની પાસે આ ગુણો હું માગું તો છું, પણ એ તો હું એવું જીવીશ તો જ મને મળશે...

આ સાંભળતા જ **પ.પૂ. પપ્પાજી** વચ્ચે જ એકદમ બોલેલા–

'જીવવાની જરૂર ન પડે. કૃપા થાય તો બક્ષિશમાં ગુણ મળી જાય!'

આવી વાત આપણને કેટલે અંશે સાચી મનાઈ હશે?

છતાં,

આપણને સાવધાન કરવા **પ.પૂ. કાકાશ્રી**એ તો વળી એમે ય કહેલું કે–

*અમારે આપવું છે, પણ **'તમને લેતા આવડતું નથી'**!*

પ.પૂ. ગુરૂજી કહે છે કે–

એમની આ વાતથી ચોંકી મેં જ્યારે પૂછ્યું કે 'આવડતું નથી એટલે? કેવી રીતે?'

ત્યારે કાકાજી બોલેલા– તમને મારી વાતનો ભરોસો નથી પડતો!

આ વાત એવી છે કે–

વર્ષો પહેલાં 'કુવાયત'ના રાજા ભારતમાં મુંબઈ આવેલા ને મહમદ અલી રોડ પર હૉટલમાં બેઠેલા. હૉટલની આસપાસના લોકોને એની જાણ થતાં, રાજાને જોવા એ બધાં હૉટલની બ્હાર ટોળે વળી રાજા નીકળે એની રાહ જોતાં ઊભા રહ્યાં. હૉટલમાં બેઠેલા રાજાને આની ખબર પડતાં, દરવાજે આવી ફીદા થઈ ખીસ્સામાંથી મુઠ્ઠીઓ ભરી-ભરી ભીડ પર સોનામ્હોરો ફેંકી. જેમને-જેમને એના આ જેસ્ચરનો ભરોસો પડયો, એમણે એ ઝીલી લીધી-નીચા વળી ઊપાડી લીધી. તેઓ ન્યાલ થઈ ગયા!

એટલે, પ.પૂ. ગુરૂજીના આ પ્રાકટ્ય ઉત્સવે બ્રહ્મસ્વરૂપ કાકાશ્રીના શ્રીચરણોમાં કાકલૂદીભરી પ્રાર્થના છે કે આપની વાતોના શબ્દાર્થ, ભાવાર્થ, લક્ષ્યાર્થ ને તાત્પર્યાર્થને પ.પૂ. ગુરૂજીએ સંપૂર્ણ રીતે પકડયા છે; તો, આપ પણ આજે એમના હોલસેલ થઈ જ ગયા છો-એની અમને પ્રતીતિ છે. સમય તો વ્હેતો જાય છે, તો હવે જરા પણ સમય ગુમાવ્યા વગર જેમ કે **પ.પૂ. ગુરૂજી** કહે છે–

આજે પણ તેવો જ વિશિષ્ટ 'લીલો અનુગ્રહ' કરવાવાળી એવી જ સમર્થ- પ.પૂ. હરિપ્રસાદસ્વામિજી જેવી વિભૂતિ હાજર છે...

તો, પ.પૂ. ગુરૂજીની આ વાતનો અમે ભરોસો કરીએ ને એનું મહત્ત્વ સમજીએ. એઓ થકી પળેપળ મળી રહેલી 'ગુણાતીત જ્ઞાન'ની કવાયત ઉપર અમારી અહંતા, મમતા, ડહાપણ અને મન-બુદ્ધિના કોચલારૂપી ધૂળ ચઢવા ન દઈએ. એમની સાથે અમારી રીતનો નહીં, પણ **'સાચો દિવ્ય સંબંધ'** કે જ્યાં–ગમે તે પ્રસંગે કે પરિસ્થિતિમાં **આત્મીયતા ખંડિત થાય જ નહીં** એવી સૂઝ સાંપડે. ફળસ્વરૂપે, દિવ્યભાવના આવા કેવળ સંબંધે અક્ષરધામનું શાશ્વત્ સુખ, શાંતિ અને આનંદ ભોગવતા થઈ જઈએ ને પોતાના સંબંધમાં આવનાર અન્યોને પણ આપીએ–એ જ **બ્રહ્મસ્વરૂપ કાકાશ્રીના આ સ્વધામગમન દિવસ નિમિત્તે અને પ.પૂ. ગુરૂજીના ૭૬મા પ્રાકટ્ય ઉત્સવે** સૌ વતી અભીપ્સા.

[हिन्दी अनुवाद]

पारसमणि काकाजी रूप मिला, भूलें उन्हें तो जिया क्या...

अहो! **13 मार्च, 2013...**

ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराजरूपी पारस से पारस बने, कई चैतन्यों के मार्गदर्शक – प.पू. गुरुजी का 76वाँ प्राकट्य दिन मुक्तों के अंतर में हर्षोल्लास भरने बस आ ही गया! जब, **9 मार्च शनिवार** की सायं **'योगी परिवार आनंदोत्सव'** में **'योगी परिवार'** से पनपे **'गुणातीत समाज'** के हम सभी एकत्रित होकर प्रत्यक्ष गुणातीत स्वरूपों की निश्रा में, मुक्तों के माहात्म्ययुक्त अनुभवों, कथावार्ता और गुणातीत ज्ञान द्वारा, ऐसी कुँजियाँ हासिल करेंगे, जो हर एक को समय पर अपने प्रत्यक्ष स्वरूप की प्रसन्नता पाने में सहायक सिद्ध होगी।

अधिकतर सभी ने प.पू. गुरुजी की जीवनशैली से जाना और अनुभव भी किया है कि वे पारदर्शक-ट्रान्सपेरन्ट हैं। इसी वज़ह से उन्हें ब्रह्मस्वरूप योगीजी महाराज, ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज, ब्रह्मस्वरूप पप्पाजी महाराज जैसे स्वरूपों के साथ संपूर्ण भरोसे से संबंध दृढ़ करने में उनकी अपनी कोई मान्यता, महत्त्वाकांक्षा, इच्छा, अपेक्षा, ईज़म, व्यक्तिगत आईडन्टीटी कभी बाधक नहीं हुई और... **प.पू. काकाजी** ने 1972 में उन्हें भव्य आशीर्वाद प्रदान किए –

तुम्हारे जीवनविकास में अब 'अनुवृत्ति स्वरूप' प्रगट हो ही चुका है... और इस बारे की तुम्हें पक्की अनुभूति हो जाए, ऐसी मेरी प्रार्थना चल रही है... ताकि भविष्य में स्वतंत्ररूप से बरतते हुए, अन्य मुक्तों की भाँति, विघ्नकारी बाधाएँ ऐन मौके पर तुम्हें रंचमात्र भी बाधा न पहुँचा सके और सहज ही 'स्वभाव रहित' बरत पाओ।

ऐसी पारदर्शिता उन्होंने गुणातीत स्वरूपों या गुणातीत समाज के मुक्तों के साथ ही नहीं, वरन् संबंध में आए छोटे-बड़े सभी मुक्तों के साथ रखी। गत वर्ष **'अर्चिमार्ग की ओर...'** प्ले में स्वरूपों के साथ प.पू. गुरुजी का 'गुणातीत ज्ञान' के अनुरूप व्यवहार देख कर कइयों को खूब प्रेरणा मिली। कुछ मुक्तों को तो ऐसा भी फील हुआ कि हमें भी प.पू. गुरुजी जैसा ही एप्रोच रखना चाहिए था। इस प्ले के एक-एक प्रसंग में ऐसी गहराई है कि बार-बार इसे देखने पर भी हर बार कुछ न कुछ नया ही रहस्य मिलता है। कई प्रसंगों में साधना के पथ पर प.पू. गुरुजी के मन की उलझनों को दर्शाते हुए, गुणातीत स्वरूपों से मिला हल तक बताया है।

'प्रकृतिपुरुष' तक के हर लोक का-हर भूमिका का **'प्राकृत प्रीति'** से युक्त शिष्य-भक्त की भावना यही रहती है कि उसका गुरु ही सर्वश्रेष्ठ माना जाए और शिष्य का यही प्रयास रहता है कि समाज के समक्ष उसके गुरु के दैवी गुण ही प्रस्तुत हों। पर, **'ब्रह्मस्वरूपा प्रीति'** युक्त 'काकाजी के मुकुंद' ने – जो कि आज उत्तर भारत के मुक्तों का प्राणाधार हैं, उन्होंने मुक्तों के मन में ऐसा **'एकदेशीयभाव'** नहीं रहने दिया है।

प.पू. गुरुजी द्वारा खुल कर बताए गए 'गुणातीत ज्ञान' को उनके अपने व्यवहार में पाकर मुक्त समाज स्वयं पर नाज़ करता है कि–

ओहो! ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज ने हम पर अनहद् कृपा करके प.पू. गुरुजी जैसे निर्दोष, निष्कपट, निखालिस विभूति की गोद-छत्रछाया दी। गुरु के स्थान पर होते हुए भी वे एक साधक की अदा से जीते हुए हमें सतत अंतर्दृष्टि कराते रहते हैं कि गुणातीत सत्पुरुष के साथ हमें कैसा जीवन जीना चाहिए। यही उनका सच्चा बड़प्पन-सच्ची साधुता है।

पिछले वर्ष 19 दिसंबर 2012 को **प.पू. गुरुजी के चहेते 'नक्षत्र'** का जन्मदिन था। इस निमित्त प.पू. गुरुजी ने सभी की ओर से उसे एक कार्ड आशीर्वाद लिख कर दिया। उसमें नक्षत्र के कई फोटोग्राफ्स लगाए गए थे। एक फोटो में वह उड़ता हुआ प्रतीत हो रहा था। वैसे भी, वह अकसर कहा करता है– *'मुझे उड़ना है।'* अतः उस फोटो के नीचे यही लिखा था। उसके जन्मदिन के दूसरे दिन प.पू. गुरुजी ने किसी कारण वह कार्ड मंगवाया। सहज ही पू. नक्षत्र की उड़ने वाली बात का जिक्र हुआ। तब साथ ही बैठे पू. पुरी साहेब से **प.पू. गुरुजी ने खूब रहस्यमयी अनोखी बात की–**

यह नक्षु को उड़ने की जो इच्छा रहती है, वह उसकी 'मुक्त कक्षा' दिखाती है। मुझे भी ऐसी इच्छा होती थी।

फिर बात की– *यह सारा मर्म मुझे काकाजी ने समझाया था। मैंने एक बार काकाजी से पूछा था कि मुझे कई बार उड़ने का सपना तो आता है; पर, 'मेरा दाँत टूट गया'–ऐसा सपना भी आता है। वह क्यों? इस के बारे में* ***काकाजी*** *ने बताया था कि–*

इसका अर्थ यह है कि तुम्हारे भीतर की वृत्तियाँ एक-एक करके निकलती जा रही हैं।

फिर ***काकाजी*** *खुद बोले–*

कई बार मुझे ऐसा सपना आता था कि मैं एग्ज़ाम दे रहा हूँ। समय पूरा हो गया व मेरा पेपर पूरा नहीं हुआ और... वह सुपरवाईज़र ने ले लिया। ऐसा सपना तुम्हारी 'ईर्ष्या' को दिखाता है।

प.पू. गुरुजी ने बताया– *दरअसल, ऐसा सपना मुझे ही आता था। पर, मैंने वह काकाजी को बताया नहीं था, सो काकाजी ने यूँ अपना नाम लेकर मुझे बताया।*

इस प्रसंग को हर कोई अपनी-अपनी दृष्टि से निहारेगा और... अपने ढाँचे के मुताबिक कुछ न कुछ अर्थ निकालेगा। पर, एक साधक की दृष्टि से इस प्रसंग को निहारेंगे तो समझ में आएगा कि **प.पू. गुरुजी जब आज मुक्तों के समक्ष अपनी त्रुटियों को-कमज़ोरियों को ज़ाहिर करने में तनिक भी नहीं झिझकते, तो क्या अपने स्वरूप के समक्ष झिझके होंगे?** हम तो–अपनी वृत्तियों, इच्छाओं, आकांक्षाओं, अपेक्षाओं से घिरे रहते हुए, प्रसंग पर स्वरूप के सामने भी उस पर लीपापोती करते रहते हैं और फिर स्वरूप को उलाहना भी देते हैं कि–

आप जो बातें करते हैं, ऐसी कोई अनुभूति हमें क्यों नहीं होती?

लेकिन, यह तनिक भी नहीं सोचते कि–

हमने सत्पुरुष से संबंध कितना दृढ़ किया है और उन पर कितना भरोसा किया है।

उनके अंतर की मरजी में कितना वर्ते हैं ?

या

वे जो हमें देना चाहते हैं, उस पर–उनके कहे पर हमने कितना ध्यान दिया ?

हमारे मन की इस उधेड़बुन का उत्तर **ब्रह्मस्वरूप योगीजी महाराज** द्वारा कथित निम्न बोधकथा में समाया है।

'**एक बनिया** तेल बेचने का व्यापार करता था। तेल बेचने का व्यापार भी क्या? दो रुपये का तेल लाता और ग्राहकों को बेच कर दिनभर में दो-चार आने मुनाफा पाता।

एक बार एक महात्मा उसकी दुकान पर जा पहुँचा और उससे पूछा– *बनिया, क्या करता है ?*

बनिया बोला– *तेल का व्यापार करता हूँ और सारे दिन में दो-चार आने का मुनाफा होता है।*

दयालु महात्मा सोचने लगे– *बेचारे बनिये का दारिद्रय इस प्रकार तो कभी जाने वाला नहीं है। मेरे पास जो पारसमणि है, वह यदि इसे दूँ तो इसका दारिद्रय चला जाएगा।*

अतः महात्मा ने बनिये से कहा– *यूं तेल को बेचने से तेरा दारिद्रय जाएगा नहीं। मैं तुझे पारसमणि देता हूँ। तू जितना भी लोहा लाकर इससे छूआएगा, वह सोना हो जाएगा। फिर तुझे यह काम भी नहीं करना पड़ेगा।*

परंतु, दुकान पर ग्राहक खड़ा था; उसके साथ उलझे रहे बनिये ने महात्मा की बात पर ध्यान न देते हुए कहा– *महाराज, तुम काम में दखल मत डालो, मेरा यह ग्राहक चला जाएगा।*

फिर भी महात्मा ने दया से कहा– *ठीक है, यह पारसमणि कहाँ रखूँ?*

बनिये ने कहा– *यहीं आले में रख दो। मैं काम से फ़ारिग होकर, लोहे को इससे छुआ कर लोहे का सोना बना लूँगा।*

महात्मा बोले– *मैं छः महीने के बाद लौटूँगा। तब तक अपने पूरे गाँव से और आसपास के अन्य गाँवों से भी लोहा लाकर इससे छुआ लेना। लाखों का सोना हो जाएगा और तुम बड़े सेठ बन जाओगे। यह अनमोल चीज़ है, संभाल कर पिटारे में रखना।*

बनिये ने कहा– *महाराज, अभी तो आले में रखो। फिर मैं फ़ारिग होकर वह करता हूँ।*

महात्मा तो पारसमणि देकर वन में चले गए। बनिया छः महीने तक भी फारिग नहीं हुआ। पारसमणि वहीं पड़ा रहा और धूल से पूरा ढक गया! बनिये को वह याद ही नहीं आया और उसका इस्तेमाल नहीं हुआ। छः महीने के बाद महात्मा मन में यह सोचते हुए लौटे कि अब तो उसके सोने के घर हो गए होंगे। लेकिन, दूर से देखा तो टूटे-फूटे खपरैल की वही छोटी-सी दुकान! महात्मा का माथा ठनका– *अरे! पारसमणि गवाँ तो नहीं दिया-कोई ले तो नहीं गया ?*

पास पहुँच कर महात्मा ने बनिये से पूछा– *वह चीज़ कहाँ रखी है?*

बनिये ने कहा– *महाराज, जहाँ रख कर गए थे, वहीं होगी।*

महात्मा ने आले में देखा तो पारसमणि के ऊपर ढेर धूल चढ़ गई थी। महात्मा ने साफ करके ले लिया और सोचा– *यह व्यक्ति मूर्ख है, इसे इसकी क़ीमत नहीं।*

फिर भी, महात्मा ने बनिये से कहा– *मुझे कुछ लोहा दे, मैं उसे सोना बना दूँ।*

परंतु अभागे बनिये के बट्टे और तराजू पत्थर व लकड़ी के थे, वे भी लोहे के नहीं थे। महात्मा को दुकान में लोहे का एक खीला नज़र आया; उसे भी जंग लगी थी। सो, उसे घिस कर साफ-सुथरा किया और... जैसे ही महात्मा ने उसे पारसमणि से स्पर्श किया, तो वह सोने का हो गया।

यह देख कर चकित बनिये ने महात्मा से विनती की– *महाराज, अब सिर्फ छः दिन के लिए रख कर जाओ न।*

महात्मा ने कहा– *छः महीने तक रखा था, अब नहीं।*

फिर तो महात्मा पारसमणि लेकर चले गए। बनिये को पारसमणि मिला था, लेकिन अपने क्षुल्लक कारोबार में उलझे रहते हुए उसने उसका उपयोग नहीं किया।'

हम अपने भीतर टटोलेंगे तो ख्याल पड़ेगा कि कहीं न कहीं इसी बनिये की भाँति हम भी करते आए हैं। गुरुवर्य योगीजी महाराज ने गुरुहरि काकाजी जैसी अजीबोगरीब विभूति को साक्षात्कार करवा कर, उनकी पहचान करवाई और हमारे लिए, पक्षपात-फेवर करके, केवल **'संबंध मात्र'** से, **पारस से सोना नहीं, बल्कि 'पारस' बनाए**, ऐसी सर्वोकृष्ट ब्राह्मीस्थिति पाई इस विभूति का पूरा जोग दिया! इससे भी अधिक, हम खुशकिस्मत हैं कि उन्होंने हमें अपना भी लिया! और... उनके तेज़ से चकाचौंध होकर, उनके प्रेम में ऐसे डूबे कि हमने उन्हें **'अक्षरधाम के शाही सौदागर'** कह कर नवाज़ा!

वे भी कैसे उदारचेत्ता थे कि स्वयं को मिला सुख सभी को बाँटने के लिए हमेशा तत्पर रहे। वे तो कहते–
आध्यात्मिक ज्ञान का दाता आज इस सोफे पर बैठा है...

साथ ही कहते– *यूँ मुफ़्त में देने वाला फिर नहीं मिलेगा...*

और... समझाते भी– *महाराज ने अक्षरधाम 'मौज' में दिया है।*

फिर हमसे पूछते भी– *मौज का भी क्या कोई मूल्य होता है।*

कभी... अपनी लाक्षणिक अदा से अपने हाथ की घड़ी दिखाते हुए कहते–
यह घड़ी मेरी है; यदि मुझे इसे किसी को देनी हो, तो क्या मुझे किसी से पूछना पड़ेगा?
मालिक का कोई मालिक होता है क्या?

उनकी ऐसी बातें हमें खूब जँचती और आकर्षित करती। परंतु...

शायद हमें उनकी इन बातों पर पूर्ण रूप से भरोसा नहीं होता था

या

उनकी इन बातों को उनका 'शब्दलालित्य' या 'वाणीविलास' समझते थे

या

शास्त्रों के अधूरे ज्ञान से हुई भ्रांति के कारण हमारे मन में शंका होती कि–

कुछ भी किए-बर्ते बिना यूं ही ऐसी कोई प्राप्ति होती होगी?

या फिर

'**संतप्रधान** सत्संग' करने के बजाय **लोक**प्रधान-**व्यवहार**प्रधान-**संसार**प्रधान-**जगत**प्रधान-**मन**प्रधान-**मान्यता**प्रधान-**वृत्ति**प्रधान-**आदर्श**प्रधान सत्संग करने के कारण,

इन सब का प्राधान्य अधिक रहा और प.पू. काकाजी **(संत)** गौण हुए!

और जब हमारे दोष-त्रुटियों-कसर-स्वभाव-प्रकृति टालने, मान्यता के पाश छुड़वाने के लिए

हमें अपना खूब निजी मानते हुए वे ज़ाहिर में फटकार लगाते, वह हमारे अहं को चोट पहुँचाती व तंत्र छिड़ जाता।

सो, एक डर के कारण उनसे सावधान रहने लगे कि कहीं सभी के बीच हमें कुछ कह तो नहीं देंगे।

परिणामस्वरूप, उनके साथ का संबंध हम टिका नहीं सके;

उनके साथ **'अंतर और अंतराय रहित संबंध'** नहीं कर सके

व

उनके प्रति मनुष्यभाव तो नहीं, लेकिन मायिकभाव के कारण

उनसे परायापन महसूस करते हुए हमारा मन उनसे अलग होता गया

और... किसी एक कक्षा पर उनका तेज़ सह नहीं पाए।

इतना ही नहीं,

पूर्व के मुक्तों को अपना संबंध देकर, उन्हें भगवान में जोड़ने के लिए, पराभक्ति के रूप में,

प.पू. काकाजी को अलौकिक ऐश्वर्य का उपयोग करता देख कर, उन्हें 'अन्डर एस्टीमेट' भी किया

और

सोचने लगे कि वे तो 'आध्यात्मिक भूमिका' में स्थित नहीं,

बल्कि 'ऋद्धि-सिद्धि एवं ऐश्वर्य-प्रताप की अलौकिक भूमिका' में रमे रहते हैं।

और...

हमने उनकी बातों का-उनके बोल का तोल नहीं किया।

फिर भी, 1984 में हमारी पात्रता को देखे बिना उन्होंने कहा,

'हमें तुम पर हरा अनुग्रह करना है।'

प.पू. पप्पाजी भी ऐसे ही समर्थ थे, अतः उन्होंने इसे **'नो-मॅरीट कृपा'** बताया।

1996 में 'भक्ति उत्सव' की सभा में **पू. विज्ञानस्वामिजी** ने प.पू. पप्पाजी से आशिषयाचना करते हुए जब कहा –

आपसे मैं ये गुण माँग तो रहा हूँ, लेकिन वो तो मैं जब ऐसा जीऊंगा तभी मुझे मिलेंगे...

यह सुनते ही **प.पू. पप्पाजी** एकदम बीच में बोले थे–

'जीने की जरूरत नहीं पड़ती। कृपा हो तो बख़्शिश में गुण मिल जाते हैं!'

ऐसी बात हमने किस हद्द तक सच्ची मानी होगी?

फिर भी,

हमें सावधान करने के लिए **प.पू. काकाजी** ने ऐसा भी कहा था–

हमें देना है, लेकिन ***'तुम्हें लेना ही नहीं आता'****!*

प.पू. गुरुजी कहते हैं–

उनकी इस बात से चौंक कर जब मैंने उनसे पूछा कि 'आता नहीं यानि? किस प्रकार?'

तब प.पू. काकाजी बोले– *तुम्हें मेरी बात पर यकीन नहीं होता!*

यह बात ऐसी है कि–

वर्षों पहले 'कुवैत' का राजा भारत में मुंबई आया था और मुहम्मद अली रोड पर हॉटल में बैठा था। इस बात का पता चलने पर हॉटल के बाहर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई और सब राह देखने लगे कि राजा बाहर निकले, तो उसे देखेंगे। हॉटल में बैठे हुए राजा को जब यह मालूम हुआ तो दरवाज़े पर आकर इन सब पर फिदा होते हुए जेब में से मुट्ठी भर-भरकर सोने की मोहरें भीड़ पर उछालीं। जिन-जिनको उसके इस जेस्चर पर विश्वास हुआ, उन्होंने लपक कर वे मोहरें ले लीं या नीचे झुक कर उठा लीं। वे निहाल हो गए!

सो, **प.पू. गुरुजी के इस प्राकट्य उत्सव** पर ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज के श्रीचरणों में गद्गद् कंठ से प्रार्थना है कि आपकी बातों के शब्दार्थ, भावार्थ, लक्ष्यार्थ और तात्पर्यार्थ को प.पू. गुरुजी ने संपूर्ण रूप से पकड़ा है; तो, आप भी आज उनके होलसेल हो ही गए हो–ऐसा हमें एहसास है। समय तो अपनी रफ़्तार से चल ही रहा है; सो, अब तनिक भी समय गँवाए बिना, जैसा कि **प.पू. गुरुजी** कहते हैं–

आज भी वैसा ही विशिष्ट 'हरा अनुग्रह' करने के लिए, ऐसी ही समर्थ–प.पू. हरिप्रसादस्वामिजी जैसी विभूति मौजूद हैं...

तो, **प.पू. गुरुजी की इस बात पर हम भरोसा करें और अहमियत समझें।** इनके द्वारा पल-पल मिल रही 'गुणातीत ज्ञान' की क़वायद पर, अपनी अहंता, ममता, सयानेपन तथा मन-बुद्धि के दायरों की धूल चढ़ने न दें। उनके साथ हमारी रीति का नहीं, बल्कि ऐसा **'सच्चा दिव्य संबंध'** हो कि कैसे भी प्रसंग या परिस्थिति में आत्मीयता खंडित हो ही नहीं–ऐसी सूझ प्राप्त हो। फलस्वरूप, केवल दिव्यभावना के ऐसे संबंध से हम अक्षरधाम का शाश्वत् सुख, शांति एवं आनंद प्राप्त करते हो जाएँ एवं अपने संबंध में आए अन्यों को भी बाँटें–यही, **ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज के स्वधामगमन दिन निमित्त एवं प.पू. गुरुजी के 76वें प्राकट्योत्सव** पर, सभी की ओर से अभीप्सा।

✡✡✡

हुताशनी, धुलेन्डी एवं रामनवमी के दिव्य अवसर पर...

26 मार्च, 2013 'होली'!

भगवान के 39 गुणों से युक्त **अनादि महामुक्त भगतजी महाराज (प्रागजी भक्त) की प्राकट्य तिथि!**

गीताजी में **भगवान श्री कृष्ण** ने कहा है–

'जो मुझ में यानि कि भगवान के प्रगट स्वरूप में ही मन को एकाग्र करके परम श्रद्धा से मेरी उपासना करता है, उसे मैं श्रेष्ठ मानता हूँ।'

अनादि महामुक्त भगतजी महाराज ऐसे श्रेष्ठ व्यक्ति थे। तभी तो भजन के प्रताप से, पीज के **मोतीलालभाई** को एक रात्रि श्रीजी महाराज ने जब स्वप्न में दर्शन दिए और उन्होंने श्रीजी महाराज से पूछा–

महाराज! प्रागजी भक्त को कैसे समझें?

उत्तर देते हुए, **श्रीजी महाराज** बोले –

'प्रागजी भक्त मेरे परम एकांतिक भक्त हैं और वर्तमान समय में मैं उनके द्वारा सत्संग में प्रगट हूँ। *तू सभी को इनकी यह पहचान करा–ऐसी मेरी आज्ञा है।'*

भागवत् में गोपियों ने कहा है – *अहं कृष्णः, अहं कृष्ण'*; क्योंकि गोपियों की चित्त की वृत्तियों का निरोध श्री कृष्ण में हो गया था, इसलिए उनकी वृत्ति श्री कृष्णमय हो गई थी। उनके विचार, वाणी और वर्तन में कृष्ण के सिवा अन्य कुछ रहा ही नहीं था। वैसे ही प्रागजी भक्त ने भगवान स्वामिनारायण को सांगोपांग अखंड रखे मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामिजी का ऐसा सेवन किया था कि वे स्वयं श्रीजी के अखंड धारक बन गए!

इसी कारण एक बार **साधु नंदकिशोरदास** ने जब उनसे पूछा–

''आपने वड़ताल में कहा था 'मुझे स्वामिनारायण चिपटे हुए हैं।' तो क्या भगवान भूत जैसे हैं, जो चिपट जाते हैं?''

तब **भगतजी महाराज** बोले थे –

'यदि भूत के पास चिपटने की ताक़त है, तो प्रभु यदि चिपकें, इसमें क्या अचंभा? परंतु, वे ऐसे-वैसों को नहीं चिपकते। ***जिस भक्त को भगवान से अतिशय प्रीति और अत्यंत आसक्ति हो; उसे ही वे चिपकते हैं।'***

ऐसे प्रभु को अखंड धारण किए अनादि महामुक्त प्रागजी भक्त ने, गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज को, श्री अक्षरपुरुषोत्तम की युगल उपासना का न केवल रहस्य समझाया, बल्कि उन्हें इस उपासना का प्रवर्तक बनने के लिए प्रेरित किया एवं अपने संबंध में आए सभी को 'साधुता की शिक्षा' दी। मूल अक्षरमूर्ति गुणातीतानंदस्वामिजी से उन्होंने जो **'साधु के हुनर'** सीखे और आत्मसात् किए उन्हें उनके प्रागट्य पर्व पर जानें...

* *साधु का हुनर प्राप्त करना बहुत कठिन है। सर्वप्रथम तो–*
जो पूजन करता हो, वो ही गला काटे,
जो पूजन करता हो, वही बेईज्जती करके गधे पर बिठाए;
पर, साधु को इन दोनों में समभाव रहे और उस व्यक्ति के प्रति द्वेष न आए, यह साधु का हुनर है।

* *सभी इंद्रियों की वृत्ति को मोड़ कर श्रीजी महाराज की मूर्ति में रखना – साधु का हुनर है। शब्द सुन कर कान की, रूप देख कर आँख की, स्वाद से जीभ की, स्पर्श से त्वचा की और गंध से नासिका की वृत्ति खींच लेना – साधु का हुनर है।*
* *साधु के हुनर की कोई सीमा ही नहीं। दो सौ बासठ वचनामृतों में साधुता के जो-जो लक्षण बताए हैं, वे सीखना भी साधु का हुनर है।*
* *आश्रित के कामादिक दोष टाल कर उसे भगवान में जोड़ना साधु का हुनर सिद्ध करने के बराबर है।*
* *जीव में रहे अनादि के अज्ञान को टाल कर, आत्मा में श्रीजी की मूर्ति सिद्ध कर लेने का सर्वोत्तम ज्ञान देना भी साधु का हुनर सिद्ध करने के बराबर है।*
* *सभी को भगवान के सम्मुख करके अभयदान देना भी साधु का हुनर सीख कर आजमाने के बराबर है।*

27 मार्च, 2013 'धुलेन्डी'!

जिनका जीवन ही एक संदेश है; भगवा वस्त्र धारण किए बिना भी जो प्रभुधारक संत हैं और गुरुवर्य योगीजी महाराज के आदेश और आशीर्वाद से जिन्होंने भगवाहृदयी साधु-साधकों का सर्जन किया, ऐसे सभी साधक युवकों एवं अनुपम मिशन परिवार के प्राणाधार संतभगवंत **प.पू. साहेब की प्राकट्य तिथि**!

पहली नज़र में ही गुरुहरि योगीजी महाराज ने प.पू. साहेब को पसंद कर लिया। गुरुहरि योगीजी महाराज ने 'साहेब' कह कर उन्हें नवाज़ा! प.पू. बापा उन पर इस प्रकार क्यों ढले? इसका खुलासा 1990 में, प.पू. बापा को नख से शिख तक धारे **प.पू. पप्पाजी** ने, प.पू. साहेब के स्वर्ण प्राकट्य पर्व निमित्त आशिष देते हुए किया। अब जब **प.पू. साहेब** के **अमृत पर्व** की अनमोल घड़ी दस्तक दे रही है, तो क्यों न सभी के प्यारे प.पू. साहेब का सच्चा माहात्म्य 'प्रभुस्वरूप गुरुहरि पप्पाजी' के स्वमुख से जानें और जैसे प.पू. साहेब ने गुरुहरि योगीजी महाराज को राजी कर लेने का एक भी मौका जाने नहीं दिया, उसी प्रकार हम भी उन्हें एवं प्रत्यक्ष स्वरूपों को राजी कर लेने की एक भी तक न चूकने के लिए कृतसंकल्प हों...

स्वामिश्रीजी
गुणातीत समाज की जय
मुक्ताक्षर पुरुषोत्तम की जय

धुलेन्डी, 2046
ता. 11.3.90

श्रीजी महाराज द्वारा गुणातीत समाज के प्रगटीकरण के लिए किए संकल्प को पूर्ण करने के लिए ब्रह्मस्वरूप योगीजी महाराज-अनादि मुक्तों को साथ लेकर ही पृथ्वी पर पधारे। ***प.पू. साहेब*** *भी एक ऐसे ही अनादि मुक्त हैं। इसीलिए वे अपना* ***'अहं' विसर्जित करके, मनरहित होकर, गुरुमुखी वर्तते रहे*** *और जी-जान लगा कर पक्ष रखते हुए, संबंध वालों की माहात्म्ययुक्त सेवा करने वाले शूरवीर युवकों के इस लोक के एवं अध्यात्म के नेता बने!* ***बापा*** *के वचन– 'साहेब, विद्यानगर में ब्रह्मज्ञान की कॉलेज शुरू करो' को पूरा*

करने उन्होंने अपने युवा साथियों को लेकर शुरुआत की। जगत में रहते हुए व्यापार, खेती और नौकरी गुणातीतज्ञान की रीति-नीति से किस प्रकार की जाए, उसका आदर्श अपने साथियों के वर्तन द्वारा स्थापित किया और ***एक आदर्श गुणातीत समाज का सर्जन किया।***

'साहेब मनरहित पुरुष हैं' *– ऐसा* ***पू. योगीजी महाराज*** *एवं* ***पू. दादुकाका*** *और सभी बड़े संत कहते थे, लेकिन साहेब अब, जब 'समन'-प्रभु का मन-निष्काम मन वाले पुरुष बन कर, सारे समाज को लौकिक एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन दे रहे हैं, तब उनका वर्णन किस प्रकार कर सकेंगे कि साहेब ऐसे हैं और वैसे हैं! क्योंकि उनके पास जैसा जीव या मुक्त आता है, वैसे* ***साहेब में विराजमान 'भगवान स्वामिनारायण' विचार, वाणी और वर्तन से उन्हें प्रेरित करते हैं!*** *ऐसे गुणातीत पुरुष का वर्णन किस प्रकार कर सकते हैं! लेकिन उनका कार्य, उनके द्वारा तैयार हुए समाज का दर्शन करने से साहेब के सामर्थ्य और गुणातीतभाव का कुछ हद्द तक अनुमान लगाया जा सकता है। हम उनका मन, कर्म और वचन से सेवन करके उनके जैसे गुण प्राप्त कर लें और महाराज के सच्चे वारिसदार बनें, ऐसी कृपा साहेब अपनी स्वर्णजयंती के अवसर पर सभी साधकों के ऊपर करें–ऐसी प्रार्थना।*

– प.पू. पप्पाजी महाराज

(गुणातीत ज्योत पत्रिका के सौजन्य से...)

20 अप्रैल, 2013 'रामनवमी'– भगवान श्री स्वामिनारायण जयंती!

किसी भी धर्म के लिए उसके इष्ट देव-उपास्य मूर्ति के प्राकट्य दिन का खूब महत्व होता है। इसी प्रकार श्री भगवान स्वामिनारायण के आश्रितों के जीवन में भी 'रामनवमी–स्वामिनारायण जयंती' की क्यों, क्या और कैसी महत्ता है, वह वर्षों पूर्व 1976 में **'श्री अक्षरपुरुषोत्तम सत्संग पत्रिका'** के अप्रैल अंक में लिखित 'सद्विचार' को पढ़ कर तब की गई प्रार्थना को आज भी वर्तमान प्रत्यक्ष स्वरूपों के श्रीचरणों में दोहरा कर उनसे अपना संबंध दृढ़ करने की राह पर अग्रसर हों...

आज के दिन ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्रजी ने भी इस धरा पर प्रगट होकर, धर्म-मर्यादा स्थापित करके मानवजाति को धर्म और संस्कार बख़्शिश में दिए।

और...

आध्यात्मिक इतिहास में वो दिन स्वर्णाक्षरों में लिखा गया, जब अनंत सूर्यों के प्रकाश ने संयुक्त होकर पृथ्वी को आलोकित किया। सर्व अवतारों के अवतारी, पूर्ण पुरुषोत्तम नारायण की रसघन मूर्ति श्री सहजानंदजी महाराज ने स्वयं प्रगट होकर सहज-सरल रीति से सिर्फ **'भगवान के निश्चय'** में ही, जीवमात्र को **'आत्यंतिक कल्याण'** मौज रूप बख़्शिश में दिया। संबंध में आए सभी को 'सदा सुखी' रहने की 'मास्टर की' – युक्ति बता दी। मानवजाति को हमेशा के लिए सनाथ और निश्चिंत बना कर अखंड सौभाग्य प्रदान किया।

मानवजाति पर इनकी यह असाधारण-बेमिसाल महती करुणा रही कि भगवत्स्वरूप संतों की अमर व अखंडित परंपरा उन्होंने पृथ्वी पर रखी। ज्योत से ज्योत प्रज्ज्वलित ही रही। श्रीहरि की वह परम मंगलकारी मूर्ति संतस्वरूप में आज भी पृथ्वी पर प्रगट है, है और है ही। ऐसे संत की जिसे पहचान हुई, प्रभु ने उसे **'भक्त'** का बीरूद दे दिया और सदा के लिए सुखी होने अध्यात्म के शिखर पर पहुँचने के लिए मानो एक **'लिफ्ट'** दे दी!

इसी संदर्भ में **भगवान स्वामिनारायण** ने जेतलपुर में बहुत ही स्पष्ट और सटीक बात की–

'काल, कर्म और माया का प्रेरक, प्रवर्तक एवं नियंता-ऐसा मेरा संबंध हुआ; फिर भी, हरिभक्त को दुःख क्यों?'

गाँव के अबुध की भाँति लकड़ियाँ लेकर घर में से अंधेरा भगाने का हम निरर्थक प्रयास न करें। प्रतिदिन स्मृति सहित, प्रगट प्रभु और संत की अपार महिमा के विचार में मग्न रहते हुए यह भरोसा दृढ़ कर लें कि जिस प्रकार सूर्य के समक्ष अंधेरा टिक नहीं सकता, उसी प्रकार भगवान का आश्रित त्रिकाल में भी बेचैनी व उद्वेग में नहीं रह सकता। **यदि दुःख महसूस होता है और उद्वेग या बेचैनी छाई रहती है, तो हमारी 'निष्ठा' में ही कसर है।**

अध्यात्म की बात करते हुए महाराज लौकिक सुख की बात करना भी भूले नहीं हैं। तीन ही शब्दों में श्रीजी महाराज ने अपने आश्रितों को भुक्ति के साथ ब्राह्मीस्थिति व मुक्ति दे दी– ***'भगवत्स्वरूप संत, भगवदी और शिक्षापत्री।'*** भगवत्स्वरूप संत के प्रति निष्ठा की दृढ़ता होने के बाद संत की आज्ञा में बिना कोई शंका-आशंका अपने आपको 'याहोम' कर देना चाहिए। संत यदि रेत में नाव चलाने के लिए कहे, तब भी तर्क किए या चिंतित हुए बिना प्रयास करना शुरू कर दे। संत की कही बात भले ही समझ से परे हो, ऐसी विचित्र परिस्थिति में भी संत को हितकारी और कल्याणदाता ही मानता रहे–वही 'विश्वास' का सच्चा स्वरूप कहा जाए। अनादि महामुक्त भगतजी महाराज ऐसे 'विश्वास' और 'निष्ठा' का एक ज्वलंत दृष्टांत हैं। पल-पल स्वामी को ही कर्ताहर्ता व हितकारी मान कर, उनमें अविचल विश्वास रख कर जीने के कारण उनके जीवन में कभी उदासी या क्षोभ दिखाई नहीं दिया। भयंकर अपमान व विपरीत परिस्थितियाँ उन्हें न तो रंचमात्र भी उदास कर सकीं और न ही अभाव-अमहिमा की राह पर धकेल सकीं।

गुरुहरि योगीजी महाराज के साथ ऐसे ही संबंध का सम्यक् दर्शन **प.पू. काकाजी और प.पू. पप्पाजी** ने करवाया है। **व्यवहार और सत्संग की भयंकर विपरीत परिस्थिति में भी ये विभूतियाँ त्रिकाल में कभी भी उदासीन या अभाव-अमहिमायुक्त नहीं दिखाई दीं। तो, प्रभु ने इनके माध्यम से 'इपोक मॅईकींग' कार्य करके एक नवयुग का सर्जन किया!** इसी मार्ग पर चल कर हम सभी अपने जीवन को धन्य करें।

लेकिन, बड़े भगवदी के प्रसंग व समागम के बिना भगवान के प्रत्यक्ष स्वरूप की, जैसी है वैसी, महिमा समझ नहीं आएगी, बल प्राप्त नहीं होगा। फिर तो, परोक्षभाव की कल्पना या अपूर्णता भी टल नहीं सकेगी एवं जीव कृतार्थ नहीं होगा। धन्यता की अनुभूति टिक भी नहीं पाएगी। इस मार्ग में बड़े भगवदी ही सच्चे राहबर या दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक हैं।

और... श्रीजी महाराज की शिक्षापत्री के मुताबिक हमारे जीवन में विवेक, व्यवहार और पवित्रता न हो, तो भले ही ज्ञान प्राप्त हुआ हो, लेकिन लौकिक व्यवहार सरल नहीं चल पाएगा। अतः श्रेयार्थी के जीवन में तीनों का स्थान समान रूप से स्थित रहे, यही सदैव सुखी रहने का एकमात्र उपाय है।

'सदा सौभाग्यवान एवं सुखी' का लक्षण क्या है?

* जन्म और मरण के बीच जीवन के महा रण में चलते हुए भी धैर्य जाए नहीं और सहज शांति व ठंडक रहे।
* हमें मिले भगवान और संत की महिमा के विचारों के साथ ही, भव-भव से संग चले आ रहे उद्वेग का प्रलय हो जाए!
* जीवन की उधेड़-बुन में से निकलती 'मैं' की आवाज़ 'तू' में पलट जाए– 'प्रभु, एक तू ही, तू ही' हुआ करे।
* सभी संतों-भक्तों के गुणगान दिल से और सहज रूप से करने का मन हो; संत-सत्संगी के अवगुण की ओर निगाह जाए ही नहीं।
* भक्तों में गुण ढूंढती सहज ही महिमा की दृष्टि रहे।
* मातृत्व की वात्सल्यदृष्टि चूकें नहीं, वाणी-वर्तन की मिठास खोएँ नहीं।
* व्यवहार घर्षणमुक्त हो जाए, जाग्रत रह कर जीवन जिएँ और दिल में हमेशा परम शांति छाई रहे।

आज तो यह बहुत ही सहज हुआ है। प.पू. काकाजी और प.पू. पप्पाजी जैसे भव्य पुरुषों के परिश्रम से संतों, युवकों, बहनों और गृहस्थों का एक दिव्य समाज स्थापित हुआ। इस महामंगलकारी पर्व के निमित्त हमारा इतना ही परम पवित्र कर्त्तव्य है कि वचनामृत ग.प्र.9, ग.म.9 और ग.अं.5 के मुताबिक, भगवान के प्रत्यक्ष स्वरूप की सच्ची पहचान से निष्ठा का एक दृढ़ संबंध कर लें। संसार में रहते हुए भी, वचनामृत ग.अं. 7 और ग.अं. 11 के मुताबिक, जीवन को एक मोड़ देकर संत-सत्संगी के साथ सगेपन से सुहृद्भाव और प्रेम युक्त उठाव लेंगे एवं एक-दूजे के दास बन कर सेवा करेंगे, तो उपरोक्त असंभव बात संभव बनने में समय नहीं लगेगा।

श्री सहजानंदजी महाराज की उस रसघन मूर्ति ने आज हम पर करुणा की अमृतधारा बहा दी है... प्रभु पधारे... प्रत्यक्ष स्वरूप की हम दृढ़ निष्ठा पक्की कर लें, तभी उनका ऋण सही अर्थ में चुकाया जा सकता है। ऐसा बल, बुद्धि और प्रेरणा सभी को मिले, ऐसी इस परम पवित्र दिन पर महाराज और स्वामी के चरणारविंद में अंतर की प्रार्थना।

✡✡✡

श्रवण, मनन, निदिध्यासन

* पॉज़िटिव थिंकिंग मन की कई-कितनी उथल-पुथल को शांत कर देती है। पर, हमें शौक होता है खलबली मचाने का। अपने मन में भी मचाते हैं और बाहर भी उसका रियेक्शन दिखाते हैं। यदि कोई हमें गधा बोले, तो हम कहेंगे तेरी मां गधी, तेरा बाप गधा; उसकी सात-पीढ़ियों तक को बुरा-भला कहने लगेंगे।

  पर, सहनशक्ति 'जबरो गुण छे' – जबरदस्त गुण है। जबरदस्त गुण कैसे? हमारे अंदर अगर सहनशक्ति होगी, तो हमें संत के दिल से कोई नहीं निकाल पाएगा। यदि संत के दिल में हमें जमे रहना है, तो मुक्तों की हर बात को सह लें। **प.पू. पप्पाजी** इसे अलग ढंग से बोलते थे – *'आई एम पेईंग धी कॉस्ट ऑफ माई कल्याण!'* पर, हम लोग उस कॅटेगरी के हैं, जो सोचते हैं – कल्याण-वल्याण तुम अपने पास रहने दो, हमें हमारे ढंग से जीने दो। हमें कल्याण-वल्याण कुछ नहीं चाहिए। पर, फिर हम सड़ते रहेंगे, हमारी सड़न जाएगी नहीं।

* अंतर की शांति पाने के लिए सबसे अच्छा उपाय है – 'सहनशक्ति'। **अगर सहनशक्ति रखेंगे तो शांति ही नहीं, भगवान भीतर में आनंद प्रगटा देंगे।** अगर धोबी से धोबी बन जाएँ, तो माहौल बिगड़ जाएगा।

* एक बार पू. महंतस्वामी गुरुहरि योगीजी महाराज के पाँव दबा रहे थे। पाँव में एक खड्डा बना हुआ फील हुआ।

  पू. महंतस्वामी ने पूछा – *स्वामी ये क्या है?*

  प.पू. बापा बोले – *छोड़ो न।*

  पू. महंतस्वामी ने फिर पूछा – *क्या जन्म से ही ऐसा है?*

  तब प.पू. बापा बोले – *जन्म से नहीं है।*

  फिर खूब पूछने पर बताया – *मुझसे कोई गल्ती हो गई थी, तो हमारे गुरु विज्ञानदासस्वामी ने संडासी से पकड़ कर इस जगह को खींचा था।*

  पू. महंतस्वामी बताते हैं कि बापा ने ये जो बातें बताई थीं, वो हमें यह समझाने के लिए कि इस रास्ते पर चले हैं, तो ऐसा सहना ही होगा। प.पू. बापा ने उन्हें ऐसी कई बातें की थीं।

* महिमा और ज्ञान की बातें लिखने के लिए डायरियाँ दी जाती हैं। प.पू. योगीजी महाराज कभी भी किसी की अमहिमा की बातें न पढ़ते-न कहते। वचनामृत की पारायण होती, तो वे 'कृतघ्नी सेवकराम' का वचनामृत प्रथम का दसवाँ कभी नहीं पढ़वाते थे।

* हम कई बार यूँ समझते हैं, यह कथावार्ता किसी दूसरे पर की है। खुद पर लेते नहीं। ऊपर से आपस में चर्चा करेंगे कि फलां के लिए गुरुजी ने आज ठीक बात की; वो समझे तो अच्छा है।

* प.पू. बापा पहले पू. विज्ञानस्वामिजी के साथ उनके सेवक के रूप में रहते थे। पू. विज्ञानस्वामिजी उन्हें खूब फटकारते, परेशान करते थे। पर, जब प.पू. बापा पू. विज्ञानदासस्वामी से अलग होकर प.पू. शास्त्रीजी महाराज के साथ रहने लगे, तो उन्होंने इन्हें गोंडल का महंत बनाया! तब एक बार किसी वजह से प.पू. बापा डांगरा गए होंगे, जहां पू. विज्ञानस्वामिजी रहते थे। तब प.पू. बापा का पू. विज्ञानस्वामिजी से न तो कोई लेन-देन, वास्ता था और न ही पू. विज्ञानस्वामिजी का उन पर कोई अधिकार था। तब भी, पू. विज्ञानस्वामिजी उन्हें एकदम मारने के लिए तैयार हो गए। प.पू. बापा

के साथ जोड़ में जो साधु गया था, उसके मन में विचार आया – *ये हमारे स्वामी को क्यों मार रहे हैं।* पर, प.पू. बापा बोले – *'ये मेरे गुरु हैं!'*

सोचो, हम ऐसा नहीं कह पाएँगे। ये जो मूर्तियाँ लगी हुई हैं, इन सभी ने ऐसी कसनी सही हुई है, तभी इन्हें ऐसा मान प्राप्त हुआ है। सहन किया है, तभी गद्दी पर बैठे हैं।

* प्रकृति हर जगह अपना भाव प्रकटाती है, वह हमें समझना पड़ता है। कोई व्यंग्य या कटाक्ष में यदि कुछ कहे, तो सामने जवाब न देते हुए, इसे **सहन कर लेना ही कहलाता है – 'क्षमा का गुण'**। पर, हम सोचने लगते हैं कि कब तक सहन करें?

  प.पू. बापा तो कहते हैं क्षमा करने से जीव के हृदय में शांति अखंड आती है। अरे! आनंद प्रगटता है। अभी हम भले यह बात नहीं मानते, पर यदि **प.पू. योगीजी महाराज के वचन में विश्वास रखेंगे, तो वे अनुभव भी कराएँगे।** योगीगीता की ये सारी बातें पढ़ने-सुनने से इतना ख्याल तो आया कि **हमारी डायरेक्शन यह है।** भले, अब तक इस ओर नहीं चले, पर **अब तो ब्रेक मार कर ट्रॅक बदलें...**

* सारी दुनिया में सब कुछ है – अरबों रुपये की सम्पत्ति, ऐश्वर्य सब कुछ, पर शांति नहीं है। पर, ये अलग बात समझा रहे हैं – कोई यदि आपके विरुद्ध कुछ गड़बड़ करता हो, उसे तो शांति से सहन कर लेना; पर, यदि भगवान के भक्त के लिए कोई ऐरे-गैरे कुछ बोलता हो या उसके अगेईन्स्ट कोई कुछ प्रपंच करता हो, वहां भगत का पक्ष रखना। **वहां शांत रह कर एक कोने में अपनी अच्छाई बनाए रखने के लिए चुप बैठे नहीं रहना।**

  भगवान के भक्त की कोई बुराई करता हो
  या
  पिटाई करता हो
  या
  उसके विषय में गलत बातें करता हो,
  तो खड़का कर जवाब दे दो।

  अपने लिए कुछ भी अनुचित कहता-करता हो, वहां शांति रखेंगे, तो महाराज स्वयं उपायभूत होंगे। जहाँ आपकी अपनी बात हो, वहां पर एक्साइट नहीं होना।

* मन में ऐसा विचार फटकने भी न दें कि–
  इतने टाइम से सेवा कर रहा हूँ,
  आपको मैं ही दिखाई दे रहा हूँ;
  मुझे ही डाँटते-फटकारते रहते हो।

* हम चाहते हैं कि थोड़ा मान मिले, लेकिन जब न मिले तो 'भड़को' थाय-शोले उगलें... पर खुद उत्तेजित हों, तो दूसरों का भी माहौल बिगड़ता है।

* 'सहन कर लें, तो शांति होती है' – यहां तक तो बात समझ में आती है, किन्तु यह कहना कि आनंद का फुव्वारा छूटेगा, ऐसा तो कैसे माना जाए? किसी ने हमें गाली दी हो, डांटा हो या खड़काया हो, तो क्या आनंद का फुहारा छूटता है? अरे! कितने दिन तक तो हम रूम में से ही बाहर नहीं आएंगे। गुस्से का वॉल्केनो फट पड़ता है।

* टु फरगीव इज़ धी हाइयेस्ट। **काकाजी** तो इससे आगे बोलते थे– ***'जॉयस फरगिवनेस'***। उसकी तो हम कल्पना ही नहीं कर सकते। टु फॉरगिव इज़ धी हाइयेस्ट। क्षमा से बढ़ कर कोई ऊँची वस्तु नहीं है। धी मोस्ट ब्यूटीफुल फॉर्म ऑफ

लव। **प्रेम का सर्वाधिक उत्तम स्वरूप है-सहन करना।** इन रिटर्न यु रीसीव अनटोल्ड पीस। **उसके बदले में हमें अनिर्वचनीय शांति और आनंद का अनुभव होगा...**

हम–प्रगट के उपासक अगर इस रास्ते चलें, तो हमें कई गुना पावर मिल जाए, क्योंकि हमें तो पावर देने वाले मूर्तिमान मिले हैं। हमें यह बड़ा फायदा है। चलना इसी रास्ते पर है, जगत को जो मिलेगा उससे तो कई गुणा स्पीडीली, कई गुना बड़ा फायदा हमें हो जाएगा। इस बात का भरोसा होना चाहिए कि 'प्रगट की उपासना' एक अलग चीज है। गुणातीतानंदस्वामी ने जो बात लिखी है कि करोड़ों जन्म में जो काम न होता हो, वो यहां एक दिन में होता है। क्या स्पीड होगी विचार तो करें। करोड़ों जन्म में जो काम नहीं होता, वो यहां एक दिन में हो जाता है! हमारा काम बनने की स्पीड, प्लेन और रॉकेट की स्पीड से भी कई गुना बढ़ जाती है। यह तो लाईट की स्पीड से भी ज़्यादा हुई न। इसलिए मैं कहता हूँ–वी आर वर्कींग ऑन ए हाई स्पिरीच्युअल टेक्नॉलॉजी। जिसमें हिम्मत होगी केवल वही ऐसा सहन कर पाएगा। **'स्वरूपलक्षी' हिम्मत!** बापा हैं न, वे सब ठीक कर देंगे। यहां सेन्टेन्स लिखा है– ***'सतत मंत्रजाप' यानि 'धुन' हर समस्या को हल कर देगी ही।***

कितना अच्छा वाक्य है– ***कठिनाइयों में हम अपने सोच-विचार छोड़कर प्रभु को ही उपायभूत होने दें।***

थोड़ा वेइट करना पड़ता है। **वेइट एण्ड वॉच नहीं; अपने यहां वेइट एण्ड प्रे। 'स्वामिनारायण-स्वामिनारायण...'** सारे चक्र गतिमान हो जाएँगे।

योगीजी महाराज ने जो सहन किया, वो उनकी कोई कमज़ोरी या दुर्बलता नहीं थी, वो एक ताक़त थी। हम मानते हैं कि
हम निर्बल हैं–हमारी चलती नहीं है,
इसलिए सब हम पर रौफ झाड़ जाते हैं;
हम अनपढ़ हैं, इसलिए सब हमें सुना जाते हैं।
योगीजी महाराज कहां पढ़े हुए थे?
पर यह हमारा **'इनफीरीयारिटी कॉम्प्लेक्स'** है, जो हमें ऐसी सोच में ले जाता है।

* योगीजी महाराज कोई भोले नहीं थे... दया रखनी पड़े। कहते हैं हम यूँ मानें कि–
ये अनजान हैं-अबोध हैं, सो ऐसे कर जाते हैं। इन्हें पता नहीं है कि क्या कर रहे हैं। टेक इट इज़ी।
इसमें हमारा बड़प्पन है, लोग भले इसे हमारी कमज़ोरी मानें। किसी की अनुचित बात पर हम बदला नहीं लें और... उसके पास झुक जाएँ-इसे लोग मानते हैं कि कमज़ोरी है; दरअसल इसमें अपना बड़प्पन है। **संत में ताक़त नहीं होती ऐसा नहीं, पर वे शक्ति का इस्तेमाल ही नहीं करते।**

* घर में ऐसा सहना शुरू करेंगे, तो फिर सत्संग में होगा। **हम दिखावे के लिए सत्संग में सहनशक्ति रखते हैं।** मैं कहता हूँ–पहले घर में शुरू करो। **'यह सत्संग' हमें घर में करना है।** चॅरिटी बिगिन्स एट होम। इस शिविर में से यह बात लेकर जाओ। पर, आप तो हँस कर टाल देते हैं और सोचते हैं कि ये भले बोला करें, हम तो जो करते हैं, वही ठीक है।

✡✡✡

पूज्य नर्मदाशंकर शास्त्रीजी को भावभरी श्रद्धांजलि...

श्री अक्षरपुरुषोत्तम संस्था, गुरुहरि योगीजी महाराज, प्रगट ब्रह्मस्वरूप प्रमुखस्वामी महाराज एवं ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज से नज़दीक से जुड़े, **संस्कृत के 94 वर्षीय प्रखर पंडित पू. नर्मदाशंकर शास्त्रीजी 4 फरवरी 2013 की सुबह मुंबई-विरार स्थित अपने निवास पर, वृद्धावस्था के कारण अक्षरनिवासी हुए।** गुजरात के सांबरकाठा जिले में ईडर तालुका के 'ब्रह्मपुर' गाँव के वतनी पू. नर्मदाशंकर शास्त्रीजी का एक पुत्र एवं दो पुत्रियाँ हैं। पहले वे कालबादेवी की हनुमान गली में रहते थे। किन्तु 25 वर्ष से विरार में स्थाई रूप से रह रहे थे। संस्कृत का अध्ययन एवं अध्यापन कराते हुए उन्होंने लगभग 81 वर्ष तक देववाणी संस्कृत की सेवा की और हज़ारों विद्यार्थियों को संस्कृत का ज्ञान दिया था। संस्कृत भाषा के प्रचार और प्रसार का ध्येय सिद्ध करने के लिए वे जीवन के अंतिम श्वास तक सक्रिय रहे। उनकी ललक को बढ़ती आयु ने प्रभावित नहीं किया। 16 वर्ष की आयु से 94 वर्ष की आयु तक संस्कृत की शिक्षा देने के ध्येय से वे चिपके ही रहे।

स्वामिनारायण के संतों, जैन साधुओं एवं आयुर्वेद के विद्यार्थियों को भी वे संस्कृत सिखाते थे। कर्मकांडी ब्राह्मणों को अपने घर पर बुला कर निःशुल्क संस्कृत भाषा की शिक्षा देते थे। भागवत कथाकार पू. रमेशभाई ओझा ने भी उनसे संस्कृत भाषा की शिक्षा ग्रहण की और अपने गुरु के रूप में उनकी पहचान कराई। पू. ओझाजी ने उन्हें अपने सांदीपनी आश्रम (पोरबंदर) की ओर से, गुजरात के तत्कालीन राज्यपाल श्री नवलकिशोर शर्माजी के करकमलों से, **'ब्रह्मर्षि एवॉर्ड'** दिला कर सम्मानित किया। उन्होंने 'स्वांतःसुखम्', 'शंभुःस्मृति' और 'मुरारिदर्शन' जैसे काव्यसंग्रहों की रचना की। आकाशवाणी के 'गीर्वाण भारती' कार्यक्रम में भी उन्होंने संस्कृत में वार्तालाप प्रस्तुत किया था।

गुरुहरि योगीजी महाराज की आज्ञा से, **1960 में उन्होंने संस्था के शिक्षित नवदीक्षित संतों को संस्कृत के अध्यापन का कार्य किया। तभी से प.पू. गुरुजी के साथ वे एक अनोखे अपनेपन से जुड़ गए थे...** डेढ़ वर्ष पूर्व पू. शास्त्रीजी पुनः प.पू. गुरुजी के संपर्क में आए। **प.पू. गुरुजी से मिलने पर उनके हर्ष की कोई सीमा नहीं थी।** वैसे तो–पू. दासस्वामिजी से वे अकसर प.पू. गुरुजी के बारे में पूछते रहते थे। तभी तो उन्होंने प.पू. गुरुजी के अमृतपर्व निमित्त स्वरचित **'स्वामी मुकुंदजीवन रहस्यम्'** में एक जगह हृदय का भाव व्यक्त करते हुए लिखा है–

इन साधुओं (अर्थात्–दादर मंदिर में जिन संतों को उन्होंने एक साथ संस्कृत का अध्ययन करवाया) में एक मुकुंदजीवन नाम के साधु का स्मरण मेरे चित्त में बार-बार होता है।

4 फरवरी को प.पू. गुरुजी द्वारा दिल्ली मंदिर में जब सभी को पता चला कि पू. शास्त्रीजी नहीं रहे, तो सहज ही सब के मुख से निकल गया–

पिछले वर्ष तो आज के दिन वे हम सभी के साथ 'योगी परिवार हीरक आनंदोत्सव' में शामिल थे!
ऐसा प्रतीत होता है कि प.पू. गुरुजी के प्रति एक अव्यक्त किन्तु अटूट लगाव के कारण प्रभु ने उन्हें तब दिल्ली भेज ही दिया था।

भगवान स्वामिनारायण का तो वरदान है कि अंत समय में वे अपने आश्रित को लेने के लिए आते ही हैं और... पू. शास्त्रीजी ने तो, भगवान स्वामिनारायण को अखंड धारे गुरुहरि योगीजी महाराज के वचन से, उनके संतों को शिक्षा देने की सेवा की है। अतः प्रभु उनकी चेतना को अपने पास अक्षरधाम में ही ले गए होंगे।

ऐसे '**हमारे गुरुजी के गुरुजी**' – **पू. नर्मदाशंकर शास्त्रीजी** को बृहद् गुणातीत समाज के मुक्तों की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि... उनका परिवार पू. शास्त्रीजी द्वारा मिले संस्कारों और इस सत्संग की धरोहर संजोते हुए तन, मन, धन एवं आत्मा से सुखी रहे – यही भगवान स्वामिनारायण एवं सभी गुणातीत स्वरुपों के चरणों में प्रार्थना!

निमंत्रण

प.पू. गुरुजी के 76 वें प्राकट्य उत्सव निमित्त
आओ, आओ –
9 मार्च 2013, शनिवार – सायं 5:00 बजे से 'ताड़देव' परिसर में
प्रत्यक्ष गुणातीत स्वरूप **प.पू. अक्षरविहारीस्वामिजी, प.पू. साहेबजी, प.पू. कोठारीस्वामिजी, प.पू. निर्मलस्वामिजी, प.पू. महेन्द्रबापु, प.पू. भरतभाई, प.पू. वशीभाई** एवं संतों - मुक्तों के सान्निध्य में
अपने अंतर का भाव, भक्ति एवं सेवा अर्पण करने
'योगी परिवार आनंदोत्सव' में सपरिवार - मित्रमंडल सहित उपस्थित रह कर,
धन्यता महसूस करें...

इन्दु मल्कानी
(गुणातीत कुनबा, दिल्ली)

Statement about ownership and other particulars about newspaper — 'भगवत् कृपा' (Form IV Rule 8)

1. Place of Publication	:	Yogi Divine Society, 'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-52
2. Periodicity of its Publication	:	Bi-Monthly
3. Printer's Name	:	Prabhaker Rao
4. Nationality	:	Indian
Address	:	'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-52
5. Publisher's Name	:	
Nationality	:	As above
Address	:	
6. Editor's Name	:	
Nationality	:	As above
Address	:	
7. Owner's Name	:	Yogi Divine Society
Nationality	:	Indian
Address	:	'Taad-dev', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-110 052

I, Prabhaker Rao, hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Sd/-
PRABHAKER RAO
Signature of Publisher

Date: 26 February, 2013

भजन

धाम और धामी मिले हैं, हमको संत स्वरूप में -2,
काकाजी अंतर बिराजे -2, धाम गुरुजी रूप में।
धाम और धामी मिले हैं, हमको संत स्वरूप में... -2

हमको सत्संग में निभाने, आपने कसनी सही -2,
परवरिश करी जीव की और, कभी जताया कुछ नहीं -2,
प्रत्यक्ष दिव्य प्रभु मिले तुम -2, रहते जो सेवकरूप में!
धाम और धामी मिले हैं, हमको संत स्वरूप में... -2

मन-बुद्धि से रहने की आदत, जन्मों की छुड़वाते हैं -2,
कुटुंबभावना दृढ़ कराके, सुहृद्भाव प्रगटाते हैं -2,
भेद दृष्टि समूल मिटा के -2, बाँधते एक डोर में!
धाम और धामी मिले हैं, हमको संत स्वरूप में... -2

क़ैफ और आनंद मूर्ति का रहे, बिराजो अंतर में विभु
क़ैफ और आनंद मूर्ति का रहे, बिराजो अंतर में प्रभु
संत गुणातीत भाव वाले, हमें बनाओ हे प्रभु -2,
'साधु की दृष्टि' से देखें स्वयं को -2, ब्रह्म की मूरत मुक्तों में!
धाम और धामी मिले हैं, हमको संत स्वरूप में...

व्रतोत्सवसूची

(1)	दि.	6.3.'13,	बुधवार	–	**ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज के स्वधामगमन दिन निमित्त** *सायं 6:30 बजे ताड़देव मंदिर में अखंड परिक्रमा का शुभारंभ...*
(2)	दि.	7.3.'13,	गुरुवार	–	**ब्रह्मस्वरूप काकाजी महाराज का स्वधामगमन दिन** *सायं 6:30 बजे अखंड परिक्रमा की पूर्णाहुति...*
(3)	दि.	8.3.'13,	शुक्रवार	–	एकादशी, व्रत
(4)	दि.	**9.3.'13,**	**शनिवार**	–	**प.पू. गुरुजी का 76वाँ प्राकट्योत्सव सायं 5:30 बजे से...**
(5)	दि.	**10.3.'13,**	**रविवार**	–	**महाशिवरात्रि**, व्रत *(ताड़देव मंदिर में सुबह 9:30 बजे 'लघुरुद्र')*
(6)	दि.	**12.3.'13,**	**मंगलवार**	–	**प.पू. गुरुजी की 76वीं प्राकट्य तिथि**
(7)	दि.	**13.3.'13,**	**बुधवार**	–	**प.पू. गुरुजी का 76वां प्राकट्य दिन**
(8)	दि.	23.3.'13,	शनिवार	–	एकादशी, व्रत
(9)	दि.	26.3.'13,	मंगलवार	–	होली, होलिका दहन, **ब्रह्मस्वरूप भगतजी महाराज का जन्मोत्सव**
(10)	दि.	27.3.'13,	बुधवार	–	धुलेन्डी, *दिल्ली मंदिर में **चंदनोत्सव सुबह 8:30 बजे से...*** **संतभगवंत प.पू. साहेब का प्राकट्य पर्व**
(11)	दि.	6.4.'13,	शनिवार	–	एकादशी, व्रत
(12)	दि.	11.4.'13,	गुरुवार	–	गुड़ी पड़वा
(13)	दि.	20.4.'13,	शनिवार	–	रामनौमी, **भगवान श्री स्वामिनारायण जयंती**, व्रत
(14)	दि.	22.4.'13,	सोमवार	–	एकादशी, व्रत
(15)	दि.	23.4.'13,	मंगलवार	–	गुरुहरि योगीजी महाराज का भागवती दीक्षा दिन
(16)	दि.	25.4.'13,	गुरुवार	–	पूर्णिमा, श्री हनुमान जयंती
(17)	दि.	4.5.'13,	शनिवार	–	**प्रगट ब्रह्मस्वरूप प.पू. हरिप्रसादस्वामिजी का प्राकट्य दिन**
(18)	दि.	5.5.'13,	रविवार	–	एकादशी, व्रत
(19)	दि.	13.5.'13,	सोमवार	–	अखात्रीज
(20)	दि.	14.5.'13,	मंगलवार	–	गुरुवर्य शास्त्रीजी महाराज की अंतर्धान तिथि
(21)	दि.	21.5.'13,	मंगलवार	–	एकादशी, व्रत
(22)	दि.	23.5.'13,	गुरुवार	–	नृसिंह जयंती, फलारी व्रत

R.N.I. 28971/ 77
Air Mail
'**Bhagwatkripa**' Bimonthly Magazine – Despatched on 15th of alternate months
If undelivered please return to :— *Printer, Publisher, Editor :* **SHRI PRABHAKER RAO** ***FOR*** **YOGI DIVINE SOCIETY- DELHI**
'*Taad-dev*', Kakaji Lane, Swaminarayan Marg, Ashok Vihar-III, Delhi-110 052 (India) Tel.: 2730 1327
Printed at : **D.K. FINE ART PRESS (P) LTD.,** A 6, Community Centre, Nimri Colony, DELHI-110 052